दैनिक भास्कर
इंदौर सिटी भास्कर 07-06-2026

WALL OF FAME - **वंदिता पाठक,** वाइस प्रेसीडेंट, कंसल्टिंग क्लब ईएडीए बिजनेस स्कूल, बार्सिलोना

दवा भूलने वालों की चिंता दूर की, अब स्पेन में गढ़ रही भविष्य की कहानी

सिटी रिपोर्टर • इंदौर

बचपन से ही वंदिता पाठक को नई चीजें सीखने और समस्याओं का समाधान खोजने में रुचि थी। स्कूल के दिनों में गणित और विज्ञान उनके पसंदीदा विषय रहे। यही रुचि आगे चलकर उन्हें इंजीनियरिंग की ओर ले गई। इंदौर में स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद वंदिता ने एनएमआईएमएस से कम्प्यूटर इंजीनियरिंग में प्रवेश लिया। कॉलेज के दौरान उन्होंने केवल पढ़ाई तक खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि तकनीक को समाज की समस्याओं के समाधान से जोड़ने का प्रयास किया। कॉलेज के तीसरे वर्ष में उन्होंने एक ऐसी समस्या पर काम शुरू किया, जो लगभग हर परिवार में देखने को मिलती है। कई बुजुर्ग और लंबे समय तक दवाइयां लेने वाले मरीज समय पर दवा लेना भूल जाते हैं। इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए वंदिता और उनकी टीम ने सेहत साथी नाम का स्मार्ट हेल्थकेयर प्रोजेक्ट तैयार किया। यह एक इंटरनेट आधारित मेडिसिन मैनेजमेंट सिस्टम है। इसमें स्मार्ट मेडिसिन बॉक्स और मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से मरीजों को समय पर दवा लेने की याद दिलाई जाती थी। इस प्रोजेक्ट को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली। आईआईटी जोधपुर में आयोजित बिजनेस दरबार प्रतियोगिता में 1000 से अधिक टीमों के बीच सेहत साथी टॉप-4 में पहुंचा। खास बात यह रही कि फाइनल तक पहुंचने वाला यह एकमात्र हेल्थकेयर आधारित प्रोजेक्ट था। इसके अलावा इस नवाचार को कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग से भी सराहना मिली। वंदिता ने बताया कि मैंने ट्यूरिंग टेक्निकल क्लब में सक्रिय भूमिका निभाई और समर्थन व जागृति जैसे सामाजिक क्लबों के माध्यम से कई सामाजिक गतिविधियों में भाग लिया। नेतृत्व क्षमता और सामाजिक सोच ने मेरी प्रोफाइल को और मजबूत बनाया।

100% स्कॉलरशिप मिली

वंदिता का चयन स्पेन के प्रतिष्ठित ईएडीए बिजनेस स्कूल, बार्सिलोना में हुआ। यहां डॉ. मार्टिन राहे स्कॉलरशिप के तहत 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप मिली। इस स्कॉलरशिप में उनकी पूरी ट्यूशन फीस और आवासीय सहायता शामिल है। यह स्कॉलरशिप दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया की उन युवा महिलाओं को दी जाती है, जो नवाचार और सामाजिक बदलाव के क्षेत्र में काम कर रही हैं। इस समय वंदिता स्पेन में फिनटेक और बिजनेस एनालिटिक्स में मास्टर्स कर रही हैं। यहां वे डेटा एनालिटिक्स, फाइनेंशियल मॉडलिंग, रिस्क मैनेजमेंट, बिजनेस स्ट्रेटजी और फिनटेक इनोवेशन जैसे विषयों का अध्ययन कर रही हैं। दुनिया के अलग-अलग देशों से आए स्टूडेंट्स के साथ पढ़ाई करते हुए उन्हें वैश्विक स्तर पर काम करने और नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिल रहा है।

Publication: Dainik Bhaskar

Edition: Indore